भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 788
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला
उत्तर

परिचालित और अपरिचालित विमानपत्तन

788. श्री धर्मेन्द्र यादवः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा विगत पांच वर्षों के दौरान देश भर में, विशेषकर उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार में वर्ष-वार और जिला-वार कितने विमानपत्तनों का उद्घाटन किया गया है;

(ख) उन विमानपत्तनों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है जहां से उड़ान परिचालन शुरू हो गए हैं; और

(ग) उन विमानपत्तनों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है जहां आज की तिथि तक उड़ान परिचालन शुरू नहीं हुआ है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : पिछले पांच वर्षों के दौरान, उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार राज्यों में ग्यारह (11) हवाईअड्डों का उद्घाटन किया गया है, नामतः वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश में कुशीनगर, वर्ष 2022 में झारखंड में देवघर, वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश में कानपुर और अयोध्या, वर्ष 2024 में अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, मुरादाबाद, श्रावस्ती और सरसावा और वर्ष 2025 में बिहार में पूर्णिया।

(ख) और (ग) : उपर्युक्त हवाईअड्डों में से वर्तमान में झारखंड के देवघर, उत्तर प्रदेश में कानपुर और अयोध्या और बिहार के पूर्णिया में अनुसूचित उड़ानें परिचालित की जा रही हैं। शेष हवाईअड्डों पर आज की तारीख तक कोई भी अनुसूचित उड़ान परिचालन नहीं है।

******